## एक नजर में

### पीजी कॉलेज बालाघाट में राष्ट्रीय सद्भावना दिवस समारोह का हुआ आयोजन

**बालाघाट।** पीएम श्री एक्सीलेंस शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के वार्षिक कैलेंडर अंतर्गत 20 अगस्त को भारत के पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्वर्गीय श्री राजीव गांधी की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय सद्भावना दिवस कार्यक्रम का आयोजन गरिमामय एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार मराठे ने की। कार्यक्रम के प्रारंभ में एन एस एस अधिकारी श्री सुखचंद्र एड़े ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत कर सद्भावना दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. मराठे ने कहा कि भारत एक बहुरंगी संस्कृति और विविधताओं से परिपूर्ण राष्ट्र है, जहां विभिन्न धर्म, जाति एवं संप्रदाय के लोग शांति और भाईचारे के साथ रहते हैं। आज का डिजिटल इंडिया और आधुनिक विज्ञान-प्रौद्योगिकी की नींव आदरणीय राजीव गांधी द्वारा रखी गई थी, जिसे वर्तमान प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने व्यवहारिक रूप देकर साकार किया है। जो आज व्यावहारिक रूप से दिखाई दे रही है सबके सामने प्रस्तुत है।

### 2 छात्राओं का मां तुझे प्रणाम योजना में हुआ चयन

**बालाघाट।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरसा से कक्षा 12 वीं में अध्ययनरत छात्रा कुमारी रीना नेताम एवं ज्योति मरकाम का विभागीय खेल गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर मध्यप्रदेश शासन खेल और युवा कल्याण विभाग की माँ तुझे प्रणाम योजनान्तर्गत चयन किया गया है। इस योजना के अंतर्गत जिले की चयनित 32 युवतियों को भी यह अवसर प्राप्त हुआ है। जिले का यह दल ऐतिहासिक, सास्कृतिक, भौगोलिक स्थानों से परिचय प्राप्त करने के लिए देश की सीमाओं का भ्रमण करेगा।

### बोलेरो पलटने से एक की मौत

**घुघरी नभाप्र.** घुघरी थाना क्षेत्र के डोंगर मंडला में एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब डिंडोरी जिले के माढ़ियारास से आ रही एक तेज रफ्तार बोलेरो अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसा इतना भीषण था कि बोलेरो में सवार एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई।

**आगमन** — महाआरोग्य स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ करेंगे, सिकल सेल मरीजों से करेंगे चर्चा

# राज्यपाल पटेल का आज बैहर आगमन





**नवभारत, बालाघाट।** मध्यप्रदेश के राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल का 21 अगस्त को बैहर आगमन हो रहा है। राज्यपाल पटेल 21 अगस्त को एकलव्य आवासीय विद्यालय बैहर में आयोजित महाआरोग्य स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ करेंगे तथा सिकल सेल के मरीजों से चर्चा कर उन्हें प्रमाण पत्र वितरित करेंगे। इस अवसर पर दिव्यांग एवं वृद्धजनों को सहायक उपकरणों का वितरण भी किया जाएगा। कलेक ?टर श्री मृणाल मीना एवं पुलिस अधीक्षक श्री आदित्य मिश्रा ने 20 अगस्त को बैहर में राज्यपाल श्री पटेल के कार्यक्रम के लिए की जा रही तैयारियों का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्?य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक सराफ, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री आदर्शकांत शुक्ला, बैहर एसडीएम श्री अर्पित गुप्ता, सहायक कलेक्टर श्री आकाश अग्रवाल, बैहर एसडीओपी करणदीप एवं अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री मीना ने बिरवा हवाई पट्टी पर बनाये गए हेलीपेड एवं वहां की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इसके पश्चात उन्होंने एकलव्य विद्यालय परिसर में महाआरोग्य शिविर के लिए की जा रही तैयारियों का निरीक्षण किया। राज्यपाल श्री पटेल बैहर प्रवास के दौरान बिरवा में प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही महिला इमलाबाई मरकाम के घर दोपहर का भोजन करेंगे। इसके पश्चात वे हेलीकाप्टर से जबलपुर के लिए रवाना होंगे।

# दशाराम फूलमारी 20 अगस्त 1942 को शहीद हुए थे

**इतिहास एवं पुरातत्व शोध संस्थान संग्रहालय बालाघाट ने श्रद्धासुमन अर्पित किये**



**नवभारत, वारासिवनी।** इतिहास एवं पुरातत्व शोध संस्थान संग्रहालय बालाघाट के संग्रहाध्यक्ष डॉ.वीरेन्द्र सिंह गहरवार, पर्यटन प्रबंधक रत्नदीप बांगरे, पुरातत्व संग्रहालय सदस्य राजकुमार शर्मा, नितेश उजबगले ने दिनांक 20 अगस्त 2025 को प्रात:काल 8 बजे वारासिवनी के गोली बारी चौक पहुंच कर शहीद दशाराम फूलमारी स्मारक को श्रद्धासुमन अर्पित किया। ज्ञात हो कि अगस्त 1942 भारत छोड़ो महात्मा गांधी के करो या मरो के नारे से प्रेरित देश भक्तों ने अंग्रेजी शासन के खिलाफ आंदोलन छेड़ा था, ब्रिटिश हुकुमत ने 20 अगस्त 1942 को इस चौराहे से चारों दिशाओं में गोली बारी की थी, जिसमें अनेक देश भक्त आहत हुये थे। जिसमें दशाराम फूलमारी साहस एवं शौर्य का प्रर्दशन करते हुए शहीद हो गए थे। इतिहास एवं पुरातत्व शोध संस्थान संग्रहालय बालाघाट परिवार श्रद्धासुमन अर्पित करने उपरान्त शहीद दशाराम फूलमारी के निवास स्थान पर पहुंच कर परिवार जनों से भेंट की। जहाँ उनके परिवार का आक्रोश स्पष्ट रूप से झलक रहा था। उक्त अवसर पर उनके ताऊ मंदूकर फूलमारी ने कहा शहीद दशाराम फूलमारी का शिलान्यास पत्थर था, जिसे तोड़कर फैक दिया गया है,उनकी याद को चिरस्थाई बनाने द्वार का निर्माण नहीं किया गया है, शासन-प्रशासन का सहयोग उपेक्षित है।

# कांग्रेसियों ने मनाई स्व . राजीव गांधी की जयंती

**वारासिवनी जवाहर नवोदय विद्यालय स्वर्गीय राजीव गांधी की देन : विवेक पटेल**



**नवभारत, वारासिवनी।** विधायक जनसंपर्क कार्यालय मे बुधवार क़ो कांग्रेसियो ने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती सम्मान समारोह पूर्व मनाई गई कांग्रेसियो द्वारा सर्वप्रथम स्वर्गीय राजीव गांधी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर राजीव गांधी अमर रहें नारे लगाएं इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने अपने उद्बोधन मे स्वर्गीय राजीव गाँधी के जीवन के बारे मे सभी क़ो बताया वही उन्होंने स्वर्गीय राजीव गांधी की नीतियों और आदर्शो पर चलने का संकल्प लिया स्वर्गीय राजीव गांधी की कर्मभूमि अमेठी रही है वहाँ की जनता उन्हें स्नेह और सम्मान से याद करती है। विधायक विवेक विक्की पटेल ने कहा कि स्वर्गीय राजीव गांधी ने मतदान के लिए 21 वर्ष से 18 वर्ष की आयु करना, पंचायती राज को मजबूत करना, दूर संचार और आईटी क्रांति, कंप्यूटरीकरण कार्यक्रम, निरंतर शांति समझौते, महिला सशक्तिकरण, शिक्षा पर जोर देने वाली नई शिक्षा नीति जैसे राजीव गांधी ने अभूतपुर कदम देश के लिए परिवर्तनकारी बदलाव लेकर आए राजीव गांधी जानते थे कि भारत का भविष्य उसके युवा है और उन्होंने मतदान की न्यूनतम आयु 21 वर्ष से घटकर 18 वर्ष का रहने का निर्णय लिया था वारासिवनी मे जवाहर नवोदय विद्यालय की देश स्वर्गीय राजीव गाँधी की देन हैँ आज हम भी हमारे देश की अखंडता के लिए उनके द्वारा दिए गए सर्वोच्च बलिदान को याद करते हैं उन्होंने आधुनिकता तकनीक और समावेश का विभाजन दिखाकर भारत की अर्थव्यवस्था को आकार दिया एक असाधारण नेता जिन्होंने लाखों लोगों में आशा की किरण जगाई और भारत को 21वीं सदी में पहुंचाया भारत के लिए उनके अनगिनत उपलब्धियां राजीव गांधी की विरासत का प्रतीक है।

# खैरलांजी महाविद्यालय में विश्व मच्छर दिवस पर कार्यक्रम




**नवभारत, खैरलांजी।** वीरांगना रानी अवंती बाई शासकीय महाविद्यालय खैरलांजी में 20 अगस्त विश्व मच्छर दिवस के अवसर राष्ट्रीय सेवा योजना अंतर्गत जिला मलेरिया विभाग, स्वास्थ्य विभाग खैरलांजी के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य श्री केएल हिवारे के मार्गदर्शन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी श्री रोहित कुमार पाण्डेय के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में विश्व मच्छर दिवस के उद्देश्य के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि मलेरिया जैसी गंभीर बीमारी का उपचार शीघ्र कराना अनिवार्य होता है।

इस दौरान बताया गया कि लार्वा पनपने के कारणों मच्छरो का जन्म होता है। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग खैरलांजी से श्री संतोष मानेश्वर एमटीएस, श्रीमती तरुणा टेंभुरने सीएचओ, श्रीमती लता दावरे उपस्थित रहे। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं का मलेरिया टेस्ट भी किया गया। इस अवसर पर श्री एसके अब्दुस शमीम, वीरेंद्र कुमार पटले, अमर सिंह गोंड, डॉ.अल्का हिरकने, पूनम गुप्ता, विक्रांत रंधावा एवं महाविद्यालय का समस्त स्टॉफ, छात्र छात्राएं उपस्थित रहे ।

### जिले में अब तक 966 मिलीमीटर वर्षा

**बालाघाट।** चालू वर्षा सत्र के दौरान बालाघाट जिले में 01 जून से 20 अगस्त 2025 तक 966 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड की गई है। जबकि गत वर्ष इसी अवधि में 841 मिलीमीटर वर्षा रिकार्ड की गई थी। जिले की औसत सामान्य वर्षा 1447 मिलीमीटर है। 20 अगस्त को प्रात: 08 बजे समाप्त हुए 24 घंटे के दौरान जिले में 52 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड की गई है।गत वर्ष इसी अवधि में बालाघाट तहसील में 901 मिलीमीटर, वारासिवनी में 1039 मिलीमीटर, बैहर में 1110 मिलीमीटर, लांजी में 724 मिलीमीटर, कटंगी में 733 मिलीमीटर, किरनापुर में 690 मिलीमीटर, परसवाड़ा में 1182 मिलीमीटर और तिरोड़ी तहसील में 791 मिलीमीटर वर्षा रिकार्ड की गई थी।

### आईटीआई में प्रवेश के लिए तिथि घोषित

**बालाघाट।** कौशल विकास संचालनालय, मध्य प्रदेश के निर्देशानुसार आईटीआई में प्रवेश प्रक्रिया 2025 के लिए कॉलेज लेवल काउंसलिंग (सीएलसी) छटवें चरण के लिए शासकीय आईटीआई बालाघाट में प्रवेश हेतु कॉलेज लेवल काउंसलिंग (सीएलसी) के छठे चरण की महत्वपूर्ण तिथियों की घोषणा की गई है, जिसमें वे सभी आवेदक जो अब तक प्रवेश प्राप्त नहीं कर सके हैं, इस चरण में सम्मिलित होकर प्रवेश का अवसर प्राप्त कर सकते हैं। आईटीआई बालाघाट द्वारा सूचित किया गया है कि वर्तमान में आईटीआई बालाघाट के समस्त व्यवसाय/ट्रेड में लगभग 123 सीटें रिक्त हैं। सभी इच्छुक अभ्यर्थियों से अपील की गई है कि वे निर्धारित तिथियों में ऑनलाइन पंजीयन एवं काउंसलिंग प्रक्रिया पूर्ण करें।

# 3 सहकारी समितियों के परिसमापन की कार्यवाही प्रारंभ

**समितियों से लेन-देन एवं स्वत्वों के संबंध में 2 माह के भीतर दावे आमंत्रित**

**नवभारत, बालाघाट।** उप पंजीयक सहकारी संस्था बालाघाट द्वारा जिले की 03 सहकारी समितियों के परिसमापन की कार्यवाही प्रारंभ की गई है। इन समितियों के विरूद्ध जिस किसी का भी लेन-देन निकल रहा हो वे दो माह के भीतर अपने दावे प्रमाण सहित कार्यालय उप पंजीयक सहकारी संस्था बालाघाट में प्रस्तुत कर सकते है।

उप पंजीयक सहकारी संस्था श्री राजेश उइके से प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्ष 1962 में पंजीकृत हाथ धान कुटाई सहकारी समिति मोहगांव खुर्द, 1956 में पंजीकृत गृह निर्माण सहकारी समिति वारासिवनी एवं 1973 में पंजीकृत सिंचाई सहकारी समिति बिठली के परिसमापन की कार्यवाही की जा रही है।

इसके लिए वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक श्री आरके पौनीकर को परिसमापक अधिकारी नियुक्त किया गया है। इन सहकारी संस्थाओं के विरूद्ध यदि किसी का भी लेन-देन निकल रहा हो तो वे दो माह के भीतर अपने दावे एवं स्वत्व प्रमाण के साथ परिसमापक अधिकारी के समक्ष उप पंजीयक सहकारी समिति कार्यालय बालाघाट में प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावों पर सुनवाई नही की जाएगी और इन संस्थाओं के पंजीयन निरस्तीकरण की कार्यवाही करने के लिए सक्षम अधिकारी को प्रतिवेदन भेज दिया जाएगा।

परिसमापन अधिकारी द्वारा कहा गया है कि किसी भी व्यक्ति के पास इन समितियों के सदस्य या भूतपूर्व अधिकारियों के पास समिति के संबंध में कोई लेखा पुस्तके, रिकार्ड, रोकड़ एवं अन्य सामग्री हो तो वे 15 दिनों के भीतर उनके समक्ष कार्यालय में जमा कर दे। नियत अवधि के बाद यदि किसी व्यक्ति के पास इन समितियों के चार्ज या रिकॉर्ड होने की जानकारी मिलेगी या सिद्ध हुआ तो उसके विरूद्ध कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

# विधायक अनुभा ने किया उईके का अभिनंदन



**नवभारत, बालाघाट।** कांग्रेस कमेटी के नव नियुक्त जिलाध्यक्ष संजय उईके 20 अगस्त को विधायक अनुभा मुंजारे के आवास सह कार्यालय में पहुंचें। जहां पर विधायक अनुभा मुंजारे द्वारा श्री उईके का अभिनंदन किया गया और अध्यक्ष बनाये जाने पर खुशी जाहिर करते हुये शुभकामनायें प्रेषित की गई। बता देवें कि श्री उईके को हाल ही में जिला कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष बनाया गया है। श्री उईके इसके पहले भी जिलाध्यक्ष थे। जिन्हें दूसरी बार अध्यक्ष बनाया गया है। वर्तमान में बैहर के विधायक भी है। कांग्रेस ने इसी तरह से विधानसभा की पूर्व उपाध्यक्ष सुश्री हिना कावरे को कांग्रेस नेतृत्व द्वारा झारखंड राज्य में पर्यवेक्षक की जिम्मेवारी सौंपी है। सुश्री हिना कावरे झारखंड राज्य की पर्यवेक्षक बनाये जाने के बाद और जिला संगठन मंत्री शफकत खान को मतदाता पुनरीक्षण सूची का जिला प्रमुख बनाये जाने के बाद दोनों भी कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष संजय उईके के साथ विधायक श्रीमती मुंजारे के आवास सह कार्यालय पहुंचें थे। जहां पर विधायक ने सुश्री कावरे व श्री खान का भी अभिनंदन किया और शुभकामनायें प्रेषित की। जानकारी के मुताबिक इस अवसर पर कांग्रेस के संगठनात्मक गतिविधियों सहित आगामी कार्यक्रमों को लेकर भी चर्चा की गई और कांग्रेस कमेटी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा उठाये गये वोट चोरी के मुददे को लेकर भी चर्चा की गई। कांग्रेसियों से मिलकर एकजूटता के साथ आमजन की आवाज बनने का भी आहवान किया गया।

# उद्यमिता विकास और आर्थिक उन्नति को मिलेगी नई दिशा

**जिले के प्रथम जन आजीविका केन्द में मिलेगी पौष्टिक व स्वास्थ्यवर्धक खाद्य सामग्री**



**नवभारत, वारासिवनी।** नगर पालिका परिषद वारासिवनी द्वारा नवाचार करते हुए बालाघाट जिले के प्रथम जन आजीविका केंद्र का शुभारंभ पूर्व केबिनेट मंत्री प्रदीप जायसवाल, नपा अध्यक्ष श्रीमती सरिता मनोज दांदरे व पार्षदगणो के आतिथ्य मे किया गया। इस अवसर पर स्व-सहायता समूहों की उत्पाद प्रदर्शनी एवं विक्रय का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना तथा उनके उत्पादों को स्थानीय व व्यापक बाजार उपलब्ध कराना है।

**ग्रामीण व शहरी महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का मिला अवसर......** इस अवसर पर स्थानीय बस स्टाप के शापिंग कांपलेक्स मे शुभांरभ करते हुये पूर्व केबिनेट मंत्री प्रदीप जायसवाल ने मिडिया के सवालो पर कहा की इस पहल से ग्रामीण व शहरी महिलाओं को न केवल आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिलेगा, बल्कि उन्हें अपने खादय पदार्थ बनाने के हुनर को रोजगार एवं आय के साधन में परिवर्तित करने का भी मंच मिलेगा। इसके माध्यम से महिला सशक्तिकरण, उद्यमिता विकास और आर्थिक उन्नति को नई दिशा मिलेगी। पूछे जाने पर गुडडा भैया ने यह भी कहा की दैनिक जीवन मे उपयोगी व पौष्टिक खादय सामग्री के लिये मार्केटिंग भी बेहद जरूरी होती है। इसलिये हमने बस स्टैड मे जन आजीविका केन्द्र की शुरूवात की है। जिसका संचालन तेजस्वनी क्षेत्र स्तरीय महिला मंडल के द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम मे विशेष रूप से सर्वश्री पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सरिता मनोज दादरे, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सूर्य प्रकाश उके,पार्षदगण, सिटी मैनेजर राजदीप तुरकने, राजस्व प्रभारी हितेश हलमारे, तेजस्वनी महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती छाया राहंगडाले,आरती पटले,वैशाली पटले,शीतल मेश्राम,सुषमा कटरे आदि के साथ नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी,बड़ी संख्या में स्व-सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित रहीं। जन आजीविका केंद्र का संचालन राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत गठित एरिया लेवल फेडरेशन द्वारा किया जाएगा। यह केंद्र नगर पालिका परिषद वारासिवनी से जुड़े सभी स्व-सहायता समूहों को अपने उत्पादों के विपणन का स्थायी मंच प्रदान करेगा। यहाँ पर स्थानीय महिलाओं द्वारा तैयार किए गए उत्पाद जैस महुआ के लड्डू, बड़ी, पापड़, मिलेट से बने उत्पाद, जैविक कृषि उत्पाद आदि का प्रदर्शन एवं विक्रय किया जाएगा। नगर पालिका परिषद का यह प्रयास स्थानीय स्तर पर टिकाऊ आजीविका मॉडल स्थापित करने की दिशा में एक सराहनीय कदम है।

**कच्चे घानी के तेल से निर्मित अचार का स्वाद होता है बेमिसाल**

तेजस्वनी क्षेत्र स्तरीय महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती छाया राहंगडाले ने पूछे जाने पर बताया की उनके नेत्रत्व मे 16 समूह की महिलाओ ने पौष्टिक व शुद्वतापूर्ण खादय पदार्थो को विक्रय करने की शुरूवात इस जन आजीविका केन्द्र से की है। जिसमे तरह तरह के अचार, ज्वार व बाजरे का आटा, गाय के शुद्व दूध की गुझिया, शुद्व मिठाईया शामिल है। समूह की महिलाओ के द्वारा निर्मित खादय पदार्थ मे किसी भी प्रकार की मिलावट नही होती है। अचार तक मे हम सिरका की जगह लहसुन का अधिक स्तेमाल करते है। साथ ही कच्चे घानी का सरसो तेल का उपयोग हमारे प्रोडक्ट को स्वास्थ्यवर्धक व पौष्टिकता प्रदान करता है। हमारे समूह ने वारासिवनी व बालाघाट के सामूहिक विवाह मे भोजन प्रदान करने का कार्य कुशलता के साथ किया है। आज भी महिला वर्ग से उनकी अपील है की वे अगर समूह से जुडना चाहती है तो उनके पास स्वरोजगार के अपार अवसर उपलब्ध है।

## ज्ञान और अनुभव बढ़ाने के लिए सांदीपनि विद्यालय की छात्राओं को भेजा बेंगलोर

**घुघरी अगस्त नभाप्र.** शिक्षा को बढ़ावा देने और छात्रों के अनुभव को समृद्ध करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए घुघरी के सांदीपनि विद्यालय की दो छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण के लिए बेंगलोर रवाना किया गया है। विद्यालय के प्राचार्य एमके चौधरी ने बताया कि कक्षा 10वीं की छात्रा दीक्षा तेकाम और कक्षा 12वीं की छात्रा सौम्या मरकाम का चयन इस विशेष भ्रमण के लिए किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी मुन्नी बरकडे ने छात्राओं को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिले के अन्य विद्यालयों की छात्राएं भी उपस्थित थीं, जो इसी शैक्षिक भ्रमण का हिस्सा हैं। यह पहल छात्राओं को शिक्षा के साथ-साथ वास्तविक दुनिया का अनुभव प्रदान करने में सहायक होगी। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सांदीपनि विद्यालय के पीटीआई प्रशांत झरिया और आदित्य परते ने विशेष सहयोग दिया। यह शैक्षणिक भ्रमण छात्राओं के ज्ञान में वृद्धि करने और उन्हें नए दृष्टिकोण प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## खेत से गुजरी हाईटेंशन की चपेट में आया किसान, मौके पर हुई मौत

**मंडला अगस्त नभाप्र.** जिले के बम्हनी थाना अंतर्गत ग्राम ग्वारा में मंगलवार की दोपहर हाईटेंशन बिजली लाइन की चपेट में आने से एक किसान की दर्दनाक मौत हो गई। घटना उस वक्त हुई जब किसान खेत गया हुआ था। अचानक उसके ऊपर से गुजरी हाइटेंशन लाइन से वह टकराया और जमीन पर गिर गया। लोग कुछ समझ पाते तब तक उसकी जान जा चुकी थी। घटना के बाद परिजनों ने शव को रखकर जमकर हंगामा किया, और लापरवाह विद्युत कंपनी वितरण पर कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी अनुसार बम्हनी थाना अंतर्गत ग्राम ग्वारा में एक किसान अपने खेत पर पानी चला रहा था, इस दौरान वह खेत से गुजरी झूलती बिजली लाइन की चपेट में आने से घटना का शिकार हो गया देखते ही देखते उसकी मिनटों में दर्दनाक मौत हो गई। परिजनों ने यहां लापरवाह बिजली कंपनी के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए शव सड़क पर रखकर प्रदर्शन भी किया है।

# जनपद नारायणगंज में ग्रामीण यांत्रिकी सेवा में भ्रष्टाचार का आरोप

## लाखों की लागत से बनी ग्रेवल सड़क पहली बारिश में ही हुई क्षतिग्रस्त



**नारायणगंज अगस्त नभाप्र.** सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए चलाई जा रही योजनाओं में भ्रष्टाचार का खेल लगातार जारी है। मंडला जिले के नारायणगंज में ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के तहत बनी एक ग्रेवल सड़क इसका ताजा उदाहरण है। ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार और विभाग के कर्मचारियों की मिलीभगत से यह सड़क घटिया सामग्री से बनाई गई है, जिसका खामियाजा अब ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है।

मामला ग्राम पंचायत सिंगोधा का है, जहां ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के अंतर्गत 2024-2025 में 27 लाख 67 हजार रुपये की लागत से एक ग्रेवल सड़क का निर्माण हुआ था। आरोप है कि इस सड़क के निर्माण में जमकर धांधली की गई है। सड़क पर बनी पुलिया में दरारें आ गई हैं, और कॉम्पेक्टिंग (समतलीकरण) भी ठीक से नहीं किया गया। इसके अलावा, सड़क बनाने में इस्तेमाल की गई डस्ट की मात्रा भी कम बताई जा रही है। इस साल की पहली बारिश में ही पुलिया के साइड शोल्डर बह गए, जिससे सड़क की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यह सड़क अभी बने हुए कुछ ही समय हुआ है, और इसकी हालत देखकर साफ पता चलता है कि ठेकेदार ने किस तरह का काम किया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह नारायणगंज में कोई नया मामला नहीं है। यहाँ के लगभग सभी क्षेत्रों में विकास कार्यों में इस तरह का भ्रष्टाचार देखने को मिलता है। इस मामले में ग्रामीण अब उच्च अधिकारियों से जाँच की मांग कर रहे हैं ताकि दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जा सके।